हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 11 जून 2025
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 28 डिग्री

13 10 संवैधानिक मुद्दों को लेकर आज होगा आंदोलन



14 अछोटा महानदी में थ्री लेन नया पुल बनेगा



## खबर संक्षेप

### कोसरिया यादव समाज का शपथ ग्रहण 22 को

**धमतरी।** कोसरिया यादव समाज के जिला महिला प्रकोष्ठ एवं जिला युवा प्रकोष्ठ का चुनाव 7 जून को हुआ। इस टीम का विस्तार एवं शपथ ग्रहण समारोह 22 जून रविवार को सर्व यादव समाज भवन आमातालाब में होगा। कार्यक्रम की तैयारी में जिला अध्यक्ष जोहन, सचिव रामेश्वर यादव समेत अन्य जुटे हैं।

### जहर सेवन से अधेड़ की मौत

**धमतरी।** मानसिक बीमारी से परेशान एक अधेड़ ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम भोथली निवासी ऐमनकुमार साहू पिता अघनुराम उम्र 48 वर्ष की बीते 9-10 साल से मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उसका उपचार माना रायपुर के मनोरोग विशेषज्ञ चिकित्सक के पास चल रहा था। 4 जून को घर के सभी लोग काम में चले गए थे। उसकी पत्नी भी खेत चली गई थी। कुछ घंटों के बाद पत्नी जब खेत से घर लौटी तो उसने देखा कि ऐमन ने उल्टी की है। अधेड़ को उपचार के लिए मसीही अस्पताल में भर्ती किया गया जहां इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह उसकी मौत हो गई।

### विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केंद्र में दिया जाएगा प्रवेश

**धमतरी।** आर्यभट्ट विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण प्रोत्साहन याजनान्तर्गत विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केन्द्र जिला दुर्ग-जगदलपुर में शिक्षा सत्र 2025-26 में प्रवेश लेने के लिए अनुसूचित क्षेत्र में निवासरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के इच्छुक विद्यार्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि इसके लिए विद्यार्थियों को कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा में कम से कम 40 प्रतिशत अंक में उत्तीर्ण होना एवं विज्ञान अथवा वाणिज्य विषय के साथ आगामी पढ़ाई हेतु इच्छुक होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को विभाग के साथ अनुबंध पत्र हस्ताक्षर करना होगा, कि विज्ञान एवं वाणिज्य विषय साथ आगामी पढ़ाई के इच्छुक हैं। सहायक आयुक्त ने यह भी बताया कि विद्यार्थियों में से बालक एवं बालिकाओं का क्रमशः बस्तर और दुर्ग जिला मुख्यालय पर संचालित विज्ञान वाणिज्य केन्द्र पर अस्थायी प्रवेश दिया जाएगा। सहायक आयुक्त ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी कलेक्टोरेट स्थित आदिवासी विकास विभाग में आवेदन कर सकते हैं।

### खाद्य पदार्थ इकाइयों की स्थापना के लिए मिलेगा अनुदान

**धमतरी।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना के लिए पात्रतानुसार अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक ने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के तहत आटा, दाल मिल, राइस मिल, पोहा मिल, सूजी, रवा, नमकीन, मिठाई निर्माण, चिप्स, आचार, ब्रेड, चनाचूर, बड़ी, पापड़, मैगी, आईस कैण्डी, मशरूम उद्योग, मसाला उद्योग व दुग्ध आधारित उत्पाद तथा खाद्य पदार्थ इकाईयों की स्थापना की जा सकती है। इन इकाईयों की स्थापना के लिए पात्रतानुसार 35 प्रतिशत एवं 10 लाख रूपये तक का अनुदान उपलब्ध है। आवेदन के लिए आधार कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साईज फोटो के साथ कलेक्टोरेट परिसर के प्रथम तल स्थित कक्ष क्रमांक 66 जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में उपस्थित होकर जानकारी ली जा सकती है।

सोसाइटियों में मिलने वाले बीज की क्वालिटी पर प्रश्नचिन्ह, निगम से होती है सप्लाई

# धान बीज में निकल रहा मुंडा करगा, किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

बीज की खराब क्वालिटी को लेकर किसान परेशान हैं। खपरी में एक किसान के बीज में मुंडा करगा की मात्रा काफी अधिक निकली। किसान ने उसकी जगह दूसरा बीज की व्यवस्था की और थरहा के लिए धान का छिड़काव किया। अन्य कई स्थानों पर भी बीज को लेकर शिकायत आ रही है।

खरीफ सीजन के लिए खेती का दौर शुरू हो गया है। किसान तैयारी कर खेतों में थरहा, लाइचोपी और बोयता पद्धति से धान की बुआई कर रहे हैं। अधिकांश किसानों ने सोसाइटी से बीज की खरीदी की है। सोसाइटी में सरना, एमटीयू 1010, एमटीयू 1001, देशी सांभा जैसे बीज उपलब्ध हैं। विडंबना यह है कि इसमें से अधिकांश बीज की क्वालिटी खराब है। किसानों ने बताया कि सबसे ज्यादा सरना बीज की क्वालिटी खराब है। बीज के पैकेट में शुद्धता 99 प्रतिशत अंकित है। किसानों ने बताया कि वास्तव में इस बीज में करगा काफी मात्रा में है। किसान कौशल साहू ने बताया कि उन्होंने सोसाइटी से जो बीज लिया था। पैकेट वाला बीज होने के कारण बिना कुछ देखे सीधे पानी में डूबा दिया। दूसरे दिन जब उसने थरहा छिड़कने के लिए पैकेट खोला तो उसमें काफी मात्रा में करगा दिखाई दिया। मजबूरी में तत्काल ही दूसरे बीज की व्यवस्था कर थरहा डाला। उसने बताया कि 30 किग्रा वाला 5 पैकेट बीज लिया था। प्रति किलोग्राम 30 रुपए के हिसाब से बीज खरीदा था। बीज की क्वालिटी खराब होने के कारण काफी नुकसान हुआ है।



### क्या है करगा

करगा वास्तव में धान का ही एक प्रकार है जिसका रंग काला होता है। बालियों में लंबा कांटा भी होता है जिसे स्थानीय भाषा में सूंगा कहते हैं। किसान ने बताया कि करगा धान की बालियों से पहले पक जाता है और खेत में झड़ जाता है। इससे खेत भी खराब होता है। करगा आसानी से सड़ता नहीं है, जिसके चलते कई साल तक यह धान के साथ खेतों में उगता रहता है। करगा से धान की क्वालिटी खराब होती है। मंडी में बेचने में करगा वाले धान की कीमत कम मिलती है। किसान करगा को खरपतवार मानते हैं।

### बाकी क्वालिटी ठीक है

किसान युवराज शर्मा ने बताया कि करगा को छोड़ दिया जाए तो बीज की बाकी क्वालिटी ठीक है। जर्मिनेशन भी करीब 90 प्रतिशत है। उन्होंने बीज लेकर एक बार मजदूरों से इसे साफ करवाया। उसके बाद ही खेतों में छिड़काव किया। धान बीज में नमी की मात्रा मापदंड के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि जिस हिसाब से बीज का मूल्य लिया जाता है, उस हिसाब से क्वालिटी सुधारने की जरूरत है। यदि करगा नहीं होता तो उन्हें मजदूरों से धान बीज को साफ करवाने की जरूरत नहीं पड़ती।

# नगरी में नवविवाहिता की निर्मम हत्या

- पति ने धारदार हथियार से गला रेता, हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏩नगरी





जनपद पंचायत नगरी क्षेत्र से एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। यहां वार्ड क्रमांक 15 में एक पति ने अपनी ही पत्नी की गला रेतकर बेरहमी से हत्या कर दी। यह सनसनीखेज वारदात मंगलवार की करीब 11 बजे की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार आरोपी धनेश्वर पटेल (27 वर्ष) पिता दशरथ पटेल ने अपने बेडरूम में पत्नी मीनाक्षी पटेल (23 वर्ष) की गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या में धारदार हंसिये का उपयोग किया गया है। बताया जा रहा है कि मृतका मीनाक्षी की शादी महज तीन महीने पहले 25 फरवरी को मुजगहन (धमतरी) निवासी से हुई थी। शादी के बाद से ही वह नगरी वार्ड क्रमांक 15 में अपने ससुराल में रह रही थी। परिवार में आरोपी युवक की मां और दो छोटे भाई भी रहते हैं। छोटे भाई ने पुलिस को बताया कि दोनों भाई अलग-अलग बिजली फिटिंग का काम करते हैं। आरोपी बड़े भाई की मानसिक स्थिति बीते कुछ दिनों से ठीक नहीं थी और वह हाल ही में कांकेर से इलाज कराकर मंगलवार सुबह करीब 9 बजे ही लौटा था।

इस घटना की जानकारी मिलते ही नगर में सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए। सूचना पर नगरी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। मौके का निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया गया तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में ले लिया है। आरोपी ने चरित्र शंका पर सुबह काम में नहीं जाने पर झगड़ा होने के कारण हत्या करना बताया। मौके पर थाना प्रभारी शरद ताम्रकार, उप निरीक्षक इंदल साहू, आरक्षक तान सिंह साहू, एचआर पटेल, योगेश साहू, गंगा मरकाम सहित पुलिस स्टाफ उपस्थित थे।

हड़ताल से अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था हुई प्रभावित

# जिला अस्पताल के सुरक्षा कर्मियों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

कम वेतन मिलने से असंतुष्ट जिला अस्पताल में सिक्युरिटी की ड्यूटी कर रहे गार्ड की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। सुरक्षा कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

जिला अस्पताल में जीवनदीप समिति के माध्यम से टेण्डर जारी कर संस्था के माध्यम से सिक्युरिटी गार्ड की तैनाती हुई है, जो तीन शिफ्ट में अस्पताल में ड्यूटी करते हैं। लेकिन सुरक्षा कर्मियों ने कम वेतन मिलने की बात पर अपनी संस्था के ठेकेदार के खिलाफ सोमवार से मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने सिविल सर्जन को आवेदन देकर कहा है कि जिला अस्पताल में तैनात सुरक्षा कर्मियों को उनके कार्य व जिम्मेदारियों की तुलना में अत्यंत कम वेतन दिया जा रहा है जो कि अनुचित व श्रम कानून के विरूद्ध है। सुरक्षा गार्ड दिन-रात अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने में लगे रहते हैं। गार्ड मरीजों व उसके परिजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। किसी भी आपातकालीन स्थिति में अस्पताल प्रशासन का पूरा सहयोग करते हैं। उसके बावजूद उन्हें न्यूनतम वेतन दिया जा रहा है। सुरक्षा गार्ड खूबचंद साहू, पंकज साहू, देवव्रत लहरे, भुनेश्वरी सेन, गुलशन साहू, लवनीत यादव, विजय, तुलाराम साहू, पुरूषोत्तम सिन्हा, हेमंत ध्रुव, फनेश्वरी, तनुजा चौरे, तमेश्वर, संगीता, चित्ररेखा, नाइट सुपरवाईजर कोलेश कुमार, देवकुमार ध्रुव, तुलेश्वर व लक्ष्मण ने सिविल सर्जन से इस विषय में जांच कराकर सुरक्षा कर्मियों को उनके कार्यों के अनुरूप सम्मानजनक वेतन दिलाने का अनुरोध किया है। सुरक्षाकर्मियों ने चर्चा में बताया कि बीते मई माह का वेतन उन्हें अब तक नहीं मिला है। हड़ताल के पहले दिन संस्था के ठेकेदार ने फोन कर मंगलवार तक वेतन भेज देने का आश्वासन दिया था लेकिन अब तक वेतन नहीं आया।



# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया पीएचसी का निरीक्षण

- व्यवस्थाओं का लिया जायजा, रोस्टर प्लान के अनुसार कार्य करने निर्देशित किया

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी





प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, वहीं जिला रोस्टर प्लान के अनुसार कार्य करने बीएमओ व कर्मचारियों को निर्देशित किया।

गर्भवती महिलाओं की गुणवत्तापूर्वक प्रसव पूर्व जांच एवं जटिल प्रकरणों की समय से पहचान व उपचार किए जाने भारत सरकार द्वारा प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को समस्त स्वास्थ्य केंद्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य केंद्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं जैसे जांच कक्ष, प्रयोगशाला, प्रतीक्षा कक्ष, जल व्यवस्था, शौचालय व स्वच्छता व जिला अस्पताल, सभी सीएचसी और पीएचसी में उच्च जोखिम गर्भवस्था की देखभाल, विशेषज्ञ चिकित्सक व अन्य चिकित्सक की तैनाती, लैब टेक्निशियन सहित अन्य कर्मचारी की तैनाती होनी चाहिए। संचालक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण छग के निर्देश पर अभियान के तहत व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग के लिए 9 जून को जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने चेकलिस्ट के माध्यम से जिला अस्पताल सहित समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का जायजा लिया। टीम ने रोस्टर प्लान के अनुसार कार्य करने के निर्देश देते हुए उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली महिलाओं को चिन्हांकित कर स्वास्थ्य संस्थानों में सूची रखने सभी बीएमओ व बीपीएम को निर्देशित किया। बीएमओ ने बताया कि जोखिम वाली गर्भवती महिला को उपस्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक एवं मितानिनों के माध्यम से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दिन सीएचसी व पीएचसी में पहुंचाया जा रहा है। जहां उनकी आवश्यक जांच व उपचार किया जा रहा है। इस दौरान सीएमएचओ डा.यूएल कौशिक, डीपीएम डा. प्रिया गोयल, डा. हेमेश्वर जोशी, आरएमएन सीएच कंस्टेंट एवं श्वेता डीपीएचईओ की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुजरा व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जामगांव का निरीक्षण किया।

# शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण से स्कूलों में लौटी रौनक

- शिक्षकविहीन घोटगांव, चचानवाही स्कूल को मिले शिक्षक
- एकावारी स्कूल में हुई विज्ञान और गणित के शिक्षक की पदस्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

जिले में शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण से स्कूलों में रौनक लौट आई है। जिन स्कूलों में कभी एक भी शिक्षक नहीं था, युक्तियुक्तकरण से अब वहां भी शिक्षकों की नियुक्ति हो गई है। इससे ऐसे स्कूलों में दाखिला लेने वाले बच्चे भी अब अच्छी तरह पढ़ाई कर सकेंगे। युक्तियुक्तकरण से स्कूलों में शिक्षकों की कमी तो दूर हुई ही है, इसके साथ ही विद्यार्थियों को विज्ञान, गणित, भौतिकी, रसायनशास्त्र, जीव विज्ञान, एकाउंट्स जैसे विषयों के विशेषज्ञ शिक्षक भी मिल गए हैं। अब स्कूलों में चालू शिक्षण सत्र से बच्चे अच्छी तरह पढ़ाई कर सकेंगे।

जिले के नगरी विकासखण्ड की प्राथमिक शाला घोटगांव में एक भी शिक्षक नहीं था। इस विद्यालय में 48 बच्चों का दाखिला हुआ है। दर्ज संख्या के अनुसार यहां बच्चों को पढ़ाने के लिए एक प्रधानपाठक एवं एक शिक्षक की नियुक्ति होनी थी। कई वर्षों से घोटगांव का यह स्कूल एकल शिक्षकीय था और प्रधानपाठक के भरोसे संचालित हो रहा था। मई माह में प्रधानपाठक के रिटायर हो जाने से यह शाला शिक्षकविहीन हो गई थी। इस स्कूल में दर्ज 48 बच्चों का भविष्य और उनकी पढ़ाई-लिखाई खासी प्रभावित होने वाली थी। राज्य शासन के युक्तियुक्तकरण के बाद प्राथमिक शाला घोटगांव में एक प्रधानपाठक और एक सहायक शिक्षक को पदस्थ किया गया है। बच्चों को अब इन दोनों शिक्षकों से अच्छी पढ़ाई-लिखाई की उम्मीद जागी है। इसी तरह नगरी विकासखण्ड के ही चचानवाही स्कूल में भी एक प्रधानपाठक सहित दो शिक्षकों की नियुक्ति युक्तियुक्तकरण द्वारा ही संभव हो सकी है। चचानवाही का यह स्कूल पहले शिक्षकविहीन था।

इसी तरह नगरी विकासखण्ड के अंतिम छोर में बसे एकावारी गांव की माध्यमिक शाला में केवल एक शिक्षक पदस्थ था। यहां 6वीं से 8वीं तक की कक्षाओं में 19 बच्चे दर्ज हैं। दूरस्थ वनांचल होने के कारण यहां कोई भी शिक्षक जाना नहीं चाहते थे। इन बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही थी। बच्चों को पढ़ाने के लिए स्कूल में गणित और विज्ञान के टीचर नहीं थे। शासन के युक्तियुक्तकरण के बाद इस स्कूल में एक विज्ञान और एक गणित पढ़ाने वाले शिक्षक की पदस्थापना हो गई है। इससे स्कूल के सभी बच्चों सहित उनके पालक भी बेहद खुश हैं। अब बच्चों को उनके स्कूल में ही विज्ञान और गणित की पढ़ाई करने की सुविधा मिलेगी और उन्हें दूर किसी दूसरे स्कूल में नहीं जाना पड़ेगा। जनभागीदारी समिति की सदस्य श्रीमती बिसरीबाई ने युक्तियुक्तकरण को पढ़ाई-लिखाई की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में पर्याप्त संख्या में शिक्षक उपलब्ध होने से बच्चों को अच्छी शिक्षा तो मिलेगी ही, साथ ही उनका शारीरिक और मानसिक विकास भी बेहतर होगा। श्रीमती बिसरीबाई ने शासन का धन्यवाद करते हुए कहा कि शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण से हमारे गांव के बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलेगी और उनका भविष्य संवरेगा।

### देर रात्रि घूम रहे दो युवक पर हुई कार्रवाई

- पुलिस का रात्रि गश्त जारी





**धमतरी।** असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने नाइट पेट्रोलिंग कर शहर में देर रात्रि घूम रहे दो युवक को पकड़कर उनके खिलाफ कार्रवाई की है। शहर में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने सिटी कोतवाली प्रभारी ने सोमवार की रात्रि पुलिस की अलग-अलग टीम बनाकर संदिग्ध स्थलों की चेकिंग व पेट्रोलिंग के लिए रवाना किया। पेट्रोलिंग के दौरान शहर में शांति भंगकर देर रात्रि तक घूम रहे सुमित साहू पिता भालेश्वर उम्र 19 वर्ष हटकेशर कॉलोनी व अजय रजक पिता सोहनलाल 27 वर्ष रिसाईपारा धोबी चौक निवासी को पकड़ उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा 125, 135 बीएनएस के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण, मरीजों से भोजन और दवाओं की ली जानकारी

# अगले 5 महीने में शुरू हो जाएगा जिला अस्पताल का नया ट्रामा यूनिट

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

धमतरीवासियों को जल्द ही जिला अस्पताल के नये ट्रामा यूनिट में इलाज की सुविधा मिलना शुरू हो जाएगा। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इस यूनिट के निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया और काम तेज करते हुए अक्टूबर महीने तक इसे पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। इस ट्रामा यूनिट में इलाज की सुविधा के साथ-साथ खून, पेशाब सहित अन्य जांच के लिए लैब भी होगी। इसके साथ ही इसमें ब्लड यूनिट, कॉर्डियोवस्कुलर यूनिट और बर्न यूनिट की भी सुविधा मरीजों को मिलेगी। कलेक्टर ने अचानक जिला अस्पताल पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के वार्डों का निरीक्षण किया और इलाज के लिए भर्ती मरीजों का हालचाल पूछा। श्री मिश्रा ने अस्पताल में किए जा रहे इलाज, मरीजों को दिए जाने वाले भोजन और दी जा रही दवाओं आदि की जानकारी भी मरीजों से ली। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यूएल कौशिक, डीपीएम डॉ. प्रिया कंवर सहित सिविल सर्जन डॉ अरूण टोण्डर .भी मौजूद रहे।

आकस्मिक निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मरीजों से अस्पताल में होने वाली जांचों के लिए कर्मचारियों द्वारा अतिरिक्त पैसों की मांग किए जाने की भी जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित सीएमएचओ और डीपीएम को सख्त निर्देश दिए कि मरीजों से इस तरह की मांग करने वाले किसी भी कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा। मरीजों से ऐसे नियम विरूद्ध और अनुचित मांग करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अस्पताल में डॉक्टरो और कर्मचारियों के व्यवहार के बारे में भी मरीजों से फीडबैक लिया। उन्होंने डॉक्टरों या किसी भी कर्मचारी के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित होने से मरीजों के इलाज में लापरवाही होने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी सीएमएचओ को दिए। कलेक्टर ने अस्पताल में दवा वितरण केन्द का भी निरीक्षण किया और दवा वितरण प्रभारी को अपने भण्डार गृह से एक्सपायरी दवाएं नहीं रखने तथा किसी भी परिस्थिति में उनका मरीजों को वितरण नहीं करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने बताया कि जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को देखते हुए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। जिला अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ, पैथोलॉजिस्ट, हड्डी रोग विशेषज्ञ जैसे डॉक्टरों की मांग की गई है। जल्द ही शासन से यह मांग पूरी होने की उम्मीद है।



पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

**खबर संक्षेप**

### कबीर जयंती महोत्सव आज

**नगरी।** श्री कबीर सत्संग समिति नगरी सिहावा के तत्वावधान में संत शिरोमणि संत कबीर दास की जयंती साहू सदन नगरी में 11 जून को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मनाई जाएगी। समारोह में कबीर दास के जीवन, दर्शन एवं उनके सामाजिक सुधार कार्यों पर आधारित प्रेरणादायक सत्संग, भजन एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम समाज में आपसी प्रेम, समरसता और सद्भावना के संदेश को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से रखा गया है।

### अविनाश बने नपं भखारा के नेता प्रतिपक्ष



**भखारा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार एवं प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदु के निर्देशानुसार नगर पंचायत भखारा भठेली के वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद अविनाश सिंह गौर को नगर पंचायत भखारा भठेली का नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया गया है। श्री गौर के नेता प्रतिपक्ष बनने पर कांग्रेसजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

वन क्षेत्र होने के कारण रेत की आपूर्ति में आ रही कठिनाई, हितग्राही परेशान

# रेत की कमी से गाताबाहरा में जनमन आवास योजना के अधिकांश मकान अधूरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत खल्लारी अंतर्गत आश्रित ग्राम गाताबाहरा में जनमन आवास योजना के तहत स्वीकृत मकानों का निर्माण रुक गया है। निर्माण कार्य अधूरा छूटने का सबसे बड़ा कारण क्षेत्र में रेत की अनुपलब्धता है। ग्रामवासी शासन की योजना से वंचित हो रहे हैं, वहीं जिम्मेदार अधिकारी भी सीमित संसाधनों के कारण हाथ बांधे खड़े हैं। ग्राम गाताबहरा जो सीतानदी अभ्यारण्य क्षेत्र में आता है, पंचायत मुख्यालय से 3 किलोमीटर और विकासखंड मुख्यालय नगरी से 32 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। वन क्षेत्र आने के कारण यहां निर्माण सामग्री विशेषकर रेत की आपूर्ति में कठिनाई बनी हुई है।जनमन आवास योजना के अंतर्गत ग्राम के चार कमार परिवारों को मकान निर्माण की स्वीकृति मिली है, जिनमें से एक हितग्राही समारू राम का मकान पूर्ण हो चुका है। जबकि सोनाई बाई चंदर सिंह का आवास लेंटर स्तर पर अटक गया है। मैना बाई और राज बाई के मकानों का निर्माण अभी तक प्रारंभ ही नहीं हो पाया है।





सीईओ जनपद पंचायत नगरी ने स्वीकारा कि गाताबाहरा में जनमन आवास योजना के अधिकांश मकान अधूरे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण रेत की अनुपलब्धता है। अभ्यारण्य क्षेत्र में वन नियमों के तहत निर्माण कार्य हेतु रेत लाने की अनुमति नहीं मिल पाती, जिससे कार्य बाधित हो रहा है। 8 जून को ग्रामवासी श्रीमती सोनाई बाई द्वारा आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया, लेकिन कुछ ही घंटों में रेत समाप्त हो जाने के कारण निर्माण रुक गया। सुबह 11:30 बजे के आसपास कार्य बाधित हो गया और मजदूरों को वापस भेजना पड़ा।

इस संबंध में हमारे संवाददाता ने वन परिक्षेत्राधिकारी से मोबाइल से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन कोई बात नहीं हो पाई। ग्रामवासियों का कहना है कि जब तक रेत की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होती, तब तक आवास निर्माण अधर में ही रहेगा। हितग्राहियों ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें रेत उपलब्ध कराई जाए या फिर ऐसे वैकल्पिक उपाय किए जाए जिससे कि आवास योजना का लाभ समय पर उन्हें मिल सके।

# सुखराम नागे कॉलेज में हुई निबंध स्पर्धा





हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

जिला कौशल विकास प्राधिकरण एवं आदिवासी विभाग धमतरी के निर्देशानुसार शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में 6 जून को मां अभियान के तहत महानदी उत्थान एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन में किया गया।

प्रतियोगिता में विभिन्न संकाय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मां महानदी की सांस्कृतिक आर्थिक पास्थितिकीय महत्ता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। निबंध के माध्यम से विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि नदी केवल जल का स्त्रेत नहीं बल्कि हमारे सामाजिक धार्मिक जीवन का अभिन्न अंग है जिसकी रक्षा हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम में उपेंद्र वर्मा प्रभारी मंडल संयोजक, स्कंध ध्रुव नोडल अधिकारी, चंद्रभान साहू अधीक्षक, मनोज बैस अधीक्षक, श्री साहू आईटीआई नगरी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में प्रो. आरआर मेहरा, डॉ. दीपा देवागंन, सौरभ पाण्डेय का प्रमुख योगदान रहा। निर्णायक मंडल द्वारा श्रेष्ठ निबंध का चयन कर प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र का वितरण किया जाएगा।

# विद्यार्थी अपनी चमक से समाज की शोभा बढ़ाएं : अवनेंद्र

- परिक्षेत्र साहू समाज तर्रागोंदी का नि:शुल्क ग्रीष्मकालीन शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

परिक्षेत्र साहू समाज तर्रागोंदी द्वारा एक मई से चलाया जा रहा निःशुल्क ग्रीष्मकालीन शैक्षिक एवं करियर मार्गदर्शन शिविर का 7 जून को समापन हुआ। मुख्य अतिथि अवनेन्द्र साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी ने विद्यार्थियों को नायाब हीरा के रूप में बताकर हीरे में खरोंच न आने देना व अपनी चमक से समाज की शोभा बढ़ाने की बात कही।

श्री साहू ने कहा कि आपको हमारे शिक्षकों ने तराशा है। आपको शिक्षा के साथ संस्कार, सदाचार , जीवन कौशल और करियर में आगे बढ़ना सिखाया गया जिसका निर्वहन सबको करना है। विशिष्ट अतिथि गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरुद ने विद्यार्थियों से कहा कि आपको शिक्षित होकर हुनरमंद होकर स्वावलम्बी व आत्मनिर्भर बनना है। आप सभी सौभाग्यशाली है जो आपको यहां खाली समय में सीखने के लिए बहुत अच्छा माहौल मिला।

इस अवसर पर दयालुराम साहू शिक्षक, अनिल राव सरपंच, पोषण साहू, दुलार सिन्हा, भोलाराम साहू, दानीराम साहू, चित्रसेन साहू, अशोक साहू आदि मौजूद थे।





### सभी शिक्षकों व प्रबोधकों का हुआ सम्मान

इस निःशुल्क शिविर में अपना समय देकर निःशुल्क एवं निः स्वार्थ भाव से विद्यार्थियों को विषयगत ज्ञान के साथ साथ संस्कार, नैतिक शिक्षा, देश धर्म अध्यात्म, कानून, जीवन विद्या, स्वास्थ्य, स्वस्थ जीवन शैली, भारतीय संस्कृति, प्रतियोगिता परीक्षा पर व करियर संबंधी मार्गदर्शन करने वाले सभी लोगों को प्रतीक चिन्ह, श्रीफल सम्मान पत्र देकर व 110 विद्यार्थियों को भी हनुमान चालीसा ग्रन्थ व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### प्रोत्साहन राशि देने की हुई घोषणा

जिला साहू संघ द्वारा 10 वीं व 12 वीं में प्रदेश के टॉप टेन में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों को इक्यावन हजार रूपये नकद प्रोत्साहन राशि व परिक्षेत्रीय साहू समाज द्वारा नवोदय, प्रयास प्रतिभा खोज में चयनित विद्यार्थियों को पांच हजार रूपये नगद प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की गयी। शिक्षक गिरधारी साहू ने निःशुल्क शिविर के सफलतापूर्वक संचालन में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

# पूर्व जनपद सभापति ने बीपी जांचने की मशीन भेंट की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

पूर्व जनपद सभापति श्रीमती परमेश्वरी साहू ने जोरातराई (अं) में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति, मितानिनों को बीपी चेक करने की मशीन भेंट की। ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण समिति ने ग्रामीणों को बरसात से पहले गांव की पानी टंकी, नाली की सफाई करने, छोटे-बड़े गड्ढे को पाटना, गांव में पेड़ लगाना, मलेरिया के बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करना, फुल पैंट, फुल शर्ट कपड़ों का उपयोग करना, बरसात के दिनों में छत पर कूलर, मटका में पानी नहीं रखने और जहां भी पानी जमा होता है वहां मिट्टीतेल या जले हुए आयल डालने के बारे में जानकारी दी।



मौके पर पूर्व जनपद सभापति श्रीमती परमेश्वरी साहू, उपसरपंच ईश्वर निषाद, एमटी अन्नपूर्णा साहू, मितानिन ललित साहू, निर्मला निषाद, राधा पाल, भुनेश्वरी साहू, तामेश्वरी साहू, तुलेश्वरी साहू, उर्मिला कुर्रे, काजल साहू, नंदिनी साहू, भिनेश्वरी निषाद, किरण साहू एवं समिति के सदस्य मौजूद थे।

# बगदेही में शराबबंदी की पहल महिला कमांडो की हुई तैनाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

- गांव को शराबमुक्त बनाने का लिया संकल्प

कुरूद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बगदेही में शराब और उससे जुड़ी सामाजिक बुराइयों से मुक्त कराने के उद्देश्य से ग्रामीण एवं पंचायत स्तर पर एक महिला कमांडो दल का गठन किया गया है। इस दल की अध्यक्ष गणिता विश्वकर्मा और उपाध्यक्ष सतरूपा विश्वकर्मा, हेमिन बाई यादव को बनाया गया है। यह पहल ग्राम सरपंच अनसुईया बाई ध्रुव एवं उपसरपंच संगीता बाई यादव एवं मीडिया प्रभारी करुणा दानी के नेतृत्व में की गई है।

इस मुहिम में ग्रामीण उपाध्यक्ष नोहर साहू, नरसिंग साहू, सचिव विष्णु विश्वकर्मा, दीपक यादव, कोषाध्यक्ष चोवाराम साहू, गिरधारी साहू, सलाहकार उत्तम मंडावी और ग्राम की मितानिनों की सक्रिय भूमिका रही है। महिलाएं गांव में घर-घर जाकर शराब बेचने और पीने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ सामाजिक दबाव बनाएंगी। महिला कमांडो दल 10 जून से गांव में सक्रिय हो गया है और शराब के खिलाफ सघन अभियान शुरू कर दिया गया है।



सरपंच अनसुईया ध्रुव ने बताया कि बगदेही गांव में शराब बेचने और छोटी दुकानों में डिस्पोजल पानी पाउच व शराब का सेवन बच्चों एवं युवाओं के साथ-साथ विवाहित पुरुषों में भी लगातार बढ़ रहा है। इसका सीधा असर पारिवारिक माहौल पर पड़ रहा है। शराब पीकर घर लौटने के बाद विवाद और मारपीट की घटनाएं बढ़ गई थीं, जिससे गांव में अशांति का माहौल बनता जा रहा था। उन्होंने यह भी बताया कि पंचायत और सर्व ग्रामीण समाज बीते एक माह से लगातार शराबबंदी को लेकर प्रयासरत रहा है और अब गांव की महिलाओं ने स्वयं कमान संभालकर इसे एक जन आंदोलन का रूप दे दिया है। कुरूद थाना प्रभारी राजेश जगत ने इस मुहिम में सहयोग करने की बात कही है। गांव की महिलाओं ने संकल्प लिया है कि वे संगठित होकर गांव को शराबमुक्त बनाएंगी और आने वाली पीढ़ियों को नशे की गिरफ़्त में जाने से बचाएंगी।

# खेती-किसानी में उन्नत तकनीकों का प्रयोग करें : निगार

- मंदरौद के विकसित कृषि संकल्प अभियान में शामिल हुईं एपीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार कुरूद विकासखण्ड के ग्राम मंदरौद पहुंची। मंदरौद में श्रीमती निगार विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आयोजित किसान शिविर में शामिल हुईं। शिविर में मौजूद किसानों को उन्होंने नई-नई तकनीकों का उपयोग कर खेती-किसानी के पारम्परिक व्यवहारों में परिवर्तन की जरूरत बताई। कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाने, खेती में नए प्रयोगों, फसल चक्र परिवर्तन, उन्नत बीजों आदि के बारे में इस अभियान में जानकारी दी जा रही है। विकसित कृषि संकल्प अभियान कृषि वैज्ञानिकों की प्रयोगशालाओं और फार्मों से उन्नत तकनीकों को किसानों के खेतों तक पहुंचाने का मुख्य जरिया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से प्रगतिशील किसानों द्वारा भी खेती में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी कृषि वैज्ञानिकों को मिल रही है और यह देश-प्रदेश में खेती-किसानी को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी। शिविर में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, जिपं सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, कृषि विभाग के संयुक्त संचालक गयाराम, उप संचालक मोनेश साहू सहित कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिक भी मौजूद रहे।






कृषि उत्पादन आयुक्त ने किसानों से मौसम में हो रहे बदलाव को ध्यान में रखते हुए उन्नत और वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पानी की कमी को देखते हुए किसानों को धान को छोड़कर अन्य दूसरी कम पानी की जरूरत वाली और ज्यादा फायदा देने वाली दलहन-तिलहन की फसल लगानी चाहिए। फसलों में खाद का ज्यादा उपयोग खेतों की सेहत को खराब कर रहा है, इसीलिए किसानों को संतुलित मात्रा में खेतों में खाद डालनी चाहिए। उन्होंने प्रगतिशील युवा किसान पुष्पक साहू से पॉली हाउस में ऑर्किड फूलों की खेती के बारे में जानकारी ली। वहीं उन्नतशील पशुपालक अनूप देवांगन से मुर्गी पालन से होने वाले फायदों की भी जानकारी ली।

शिविर में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को खरीफ फसलों के लिए तकनीकी जानकारी भी दी। नई कृषि तकनीकों का प्रसार, जैविक और प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड में अनुशंसित मात्रा अनुसार संतुलित उर्वरकों का उपयोग करने से लेकर किसानों को उन्नत कृषि यंत्रों की भी जानकारी दी गई।

# कोर्रा में प्रेम प्रवाहिनी रथ का हुआ स्वागत

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम कोर्रा में श्री सत्य साईं बाबा प्रेम प्रवाहिनी रथ का श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। रथ में मौजूद सत्य साईं बाबा की चरण पादुकाओं में शीश नवाजने के लिए सैकड़ों लोगों ने हाजिरी भरी। श्री सत्य साईं बाबा प्रेम प्रवाहिनी दिव्य रथ की पूजा- अर्चना के बाद गांव के शीतला मंदिर से नर्मदेश्वर महादेव मंदिर तक शोभायात्रा भी निकाली गई। जहां भखारा मंडल के भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष चोवाराम साहू व संस्था के जिला अध्यक्ष डॉ अमोल सिन्हा एवं चेतन साहू, डॉ अरूण साहू, केशव साहू, अगनू साहू, कृपाराम साहू सहित संस्था से जुड़े लोगों ने हिस्सा लिया। सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ ग्राम डोमा, कोसमर्रा, लोहारपथरा, मड़ाईभाठा होते हुए दोपहर 12 बजे ग्राम कोर्रा पहुंचा जहां स्वामी को मध्यान्ह भोग अर्पित किया गया। ग्रामवासियों ने श्रद्धा और आत्मीयता से रथ में विराजमान श्री सत्य साईं बाबा का स्वागत किया।



# पुरानी किस्म के स्थान पर नई किस्म को प्रमोट करने का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार ने मरौद के बीज प्रक्रिया केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने बीज प्रक्रिया केन्द्र में चालू खरीफ मौसम के लिए धान, दलहन आदि बीजों की उपलब्धता की जानकारी केन्द्र प्रभारी से ली। श्रीमती निगार ने पिछले दस वर्षों से लगाई जा रही धान की किस्मों के स्थान पर नई किस्मों को प्रमोट करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मरौद बीज प्रक्रिया केन्द्र में वर्तमान में एमटीयू 1010, एमटीयू 1156, महामाया, विक्रम पीसीआर, एमटीयू 1318, स्वर्णा किस्म के धान के बीज लगभग 11 सौ क्विंटल उपलब्ध हैं। कृषि उत्पादन आयुक्त ने इन किस्मों के आधार बीजों को जिले में बीज उत्पादन कार्यक्रम के लिए उपयोग करने के निर्देश दिए।



- कृषि उत्पादन आयुक्त ने किया मरौद के बीज प्रक्रिया केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण

श्रीमती निगार ने कहा कि पुरानी किस्म के स्थान पर नई किस्म को प्रमोट करने के लिए बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक रकबे में नई किस्मों को ही लगाया जाए, ताकि उनका बीज तैयार हो सके और उसके किसानों को उपलब्ध कराया जा सके। श्रीमती निगार ने बीज उत्पादन कार्यक्रम में गंभीरता से काम करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान संयुक्त संचालक गयाराम, उप संचालक मोनेश साहू सहित प्रक्रिया केन्द्र प्रभारी श्री दोहरे और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। कृषि उत्पादन आयुक्त ने चालू खरीफ सीजन में बीज उत्पादन कार्यक्रम के लिए नई किस्मों के बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। एपीसी ने कहा कि एक ही तरह की फसलों को लगातार बोने से कीट व्याधि की समस्या बढ़ जाती है। साथ ही उत्पादन भी कम होता है। इसके साथ ही भूमि की उर्वरा शक्ति भी कम होती जाती है। एपीसी ने इन समस्याओं से निपटने के लिए ज्यादा से ज्यादा नई किस्मों की खेती कराने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने को कहा। उन्होंने चालू खरीफ मौसम के लिए बीजों का समय पर उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### कांकेर एवं नरहरपुर में प्रवेश के लिए होगी परीक्षा

**कांकेर।** शासकीय आदिवासी कन्या क्रीड़ा परिसर कांकेर में वर्ष 2025-26 के लिए प्रवेश परीक्षा विकासखण्ड स्तर पर 19 एवं 20 जून को तथा जिला एवं राज्य स्तर के लिए 25 एवं 26 जून को सुबह 11 बजे से कन्या क्रीड़ा परिसर छात्रावास के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार शासकीय आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर नरहरपुर के लिए प्रवेश परीक्षा विकासखण्ड स्तर पर 20 एवं 21 जून तथा जिला एवं राज्य स्तर हेतु 24 एवं 25 जून को सुबह 10 बजे से बालक क्रीड़ा परिसर छात्रावास के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा।

### तकनीकी शिक्षा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित तकनीकी शिक्षा संस्थानों में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रम जैसे डिप्लोमा इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर, कास्ट्यूम डिजाइन एवं ड्रेस मेकिंग, इंटीरियर, डेकोरेशन, मार्डन ऑफिस, मैनेजमेंट, होटल मैनेजमेंट एवं केटरिंग टेक्नालॉजी तथा डिप्लोमा इंजीनियरिंग लेटरल में प्रवेश के लिए प्रथम चरण में ऑनलाइन काउंसिलिंग की प्रवेश प्रक्रिया 11 से 15 जून तक पंजीयन, मेरिट सूची जारी 17 जून, दावा आपत्ति 18 जून, आबंटन एवं रिजल्ट 20 जून तथा प्रवेश प्रक्रिया 21 से 24 जून तक किया जाएगा। इसी प्रकार द्वितीय चरण में 26 से 29 जून तक पंजीयन, 01 जुलाई को मेरिट सूची, दावा-आपत्ति 02 जुलाई, आबंटन 04 जुलाई तथा प्रवेश 05 से 08 जुलाई एवं तृतीय चरण में 10 से 13 जुलाई को पंजीयन, 15 जुलाई को मेरिट सूची जारी, दावा-आपत्ति 16 जुलाई, आबंटन एवं रिजल्ट 18 जुलाई और 19 से 22 जुलाई तक प्रवेश का मौका मिलेगा।

### 21 परीक्षा केन्द्रों में 15 जून को होगी व्यापम की परीक्षा

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 15 जून को सहायक विकास विस्तार अधिकारी की भर्ती परीक्षा प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12.15 बजे तक 21 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। जिसके तहत शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज, सक्सेस कॉनवेंट हायर सेकण्डरी स्कूल , शासकीय दन्तेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल, शासकीय बहुउद्देशीय हायर सेकेण्डरी स्कूल , शासकीय कन्या हायर सेकण्डी स्कूल, स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल धरमपुरा, स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल संजय मार्केट रोड, स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट हिन्दी मीडियम शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल रेल्वे कॉलोनी , केन्द्र धरमु माहरा शासकीय महिला पॉलिटेक्निक, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल भगत सिंह, बाल विहार हायर सेकण्डरी स्कूल, निर्मल हायर सेकण्डरी स्कूल , शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल आसना, वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय कंगोली, विद्या ज्योति हायर सेकण्डरी स्कूल, विद्यापती एकेडमी बहादुरगुड़ा, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल पोटानार, क्राईस्ट कॉलेज, शासकीय हाई स्कूल पनारापारा और शहीद गुण्डाधूर कॉलेज कृषि एवं अनुसंधान केंद्र कुम्हरावण्ड पर उक्त भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी।

**न्यायालय तहसीलदार धमतरी के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202505130700030/**

विषयः-अ-6 मामले की श्रेणीः-राजस्व

सनः-2024-2025

श्यामतराई प.ह.नं. 00046 [314/4(0.2366हे.)]

**पक्षकारों का विवरण :-**

**आवेदक पक्षकार-सृष्टि ठाकुर,**

**अनावेदक पक्षकार-माधुरी, कुलश्रेष्ट, श्रृष्टि, लता बैस, अश्वनी किशन,**

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम श्यामतराई को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सृष्टि ठाकुर पिता दिलिप ठाकुर जाति राजपूत निवासी कालटैक्स पेट्रोल पम्प के पीछे रत्नाबांधा डाकबंगला वार्ड धमतरी मकान नं. 132 जिला धमतरी के द्वारा अपनी बुआ ज्योति ठाकुर पिता सुखराम जाति राजपूत निवासी कालटैक्स पेट्रोल पम्प के पीछे डाकबंगला वार्ड धमतरी के नाम पर ग्राम श्यामतराई प.ह.नं. 46 तहसील व जिला धमतरी स्थित ख.नं. 314/4 रकबा 0.3476 हे. की/10.37 डि. को वसीयत नामा दिनांक 28/04/2023 को किया गया है। वसीयतकर्ती की मृत्यु दिनांक 24/11/202.3 को हो जाने के पश्चात वसीयतनामा के आधार पर अपना नाम दर्ज करने अनावेदकगणों के विरूद्ध आवेदन पत्र पेश की है। आवेदिका सृष्टि ठाकुर पिता दिलिप ठाकुर जाति राजपूत निवासी कालटैक्स पेट्रोल पम्प के पीछे रत्नाबांधा डाकबंगला वार्ड धमतरी मकान नं. 132 जिला धमतरी के द्वारा अपनी बुआ ज्योति ठाकुर पिता सुखराम जाति राजपूत निवासी कालटैक्स पेट्रोल पम्प के पीछे डाकबंगला वार्ड धमतरी के नाम पर ग्राम श्यामतराई प.ह.नं. 16 तहसील व जिला धमतरी स्थित ख.नं. 314/4 रकबा 0.3476 हे. की/0.37 डि. को वसीयत नामा दिनांक 28/04/2023 को किया गया है। वसीयतकर्ती की मृत्यु दिनांक 24/11/2023 को हो जाने के पश्चात वसीयतनामा के आधार पर अपना नाम दर्ज करने अनावेदकगणों के विरूद्ध आवेदन पत्र पेश की है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म या निकाय आदि को कोई उजर दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे इस न्यायालय में नियत सुनवाई तिथि 23/06/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं बाद में प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/06/2025 को जारी किया जाता है।

SURAJ BANCHHOR
**तहसीलदार तहसील धमतरी**

### आंदोलन के प्रचार-प्रसार के लिए पोस्टर, पांपलेट का वितरण

# आज 10 संवैधानिक मुद्दों को लेकर होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



सर्व अनुसूचित जाति जनजाति संयुक्त मोर्चा के जिला संयोजक जीवराखन लाल मरई जिला अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, जिला संयोजक भावसिंह डहरे जिला अध्यक्ष सतनामी समाज, जिला संयोजक पालनहार मेश्राम जिला अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा, गेवाराम नेताम जिलाध्यक्ष छग अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ ने बताया कि छग राज्य में अनुसूचित जाति जनजाति आरक्षित संवर्ग के चार प्रमुख कर्मचारी संगठन छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कमर्चारी संघ अजाक्स, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ, सोशल जस्टिस एंड लीगल फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के संयुक्त फोरम छत्तीसगढ़ राज्य आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन तथा सर्व आदिवासी समाज, गोंडवाना गोंड़ महासभा, हल्बा समाज, कंवर समाज, प्रगतिशील सतनामी समाज, संवरा समाज, उरांव समाज, नगारची समाज, बौद्ध सहित आरक्षित सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्त्वावधान में एससी-एसटी के संवैधानिक अधिकार पदोन्नति में आरक्षण, जनसंख्या के आधार पर आरक्षण, आरक्षित वर्गों के लिए छात्रवृत्ति में 2.50 लाख की आय सीमा को समाप्त करने, फर्जी जाति प्रमाण पत्र धारकों पर कार्रवाइ किये जाने, जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरलीकरण किये जाने, पेसा कानून लागू करने सहित अन्य अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 11 जून को प्रातः 10 बजे से तूता धरना स्थल नवा रायपुर में धरना-प्रदर्शन करेंगे।

इस आंदोलन को सफल बनाने जिले में जोर-शोर से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। सभी तहसील क्षेत्र में आरक्षित वर्ग के समस्त सामाजिक संगठनों, इकाइयों तथा आरक्षित वर्ग के कर्मचारियों अधिकारियों की बैठक की जा रही है। बैठक में 10 संवैधानिक मुद्दों को विस्तार पूर्वक अवगत कराने पोस्टर, पांपलेट का वितरण किया जा रहा है। आंदोलन की तैयारी में महेश रावटे, माधव सिंह ठाकुर, काशी कंवर, विश्राम दाऊ, पोखन कंवर, जयपाल ठाकुर, श्यामलाल नेताम, शिव नेताम, उमेश देव, ललित ठाकुर, ठाकुर राम नेताम, उदय नेताम, देवनाथ नगारची, एचआर ध्रुव, अंजना नेताम, एमडी पैकरा, रोहित दीवान, टीकाराम कुंजाम, कलाराम गंगेश, नरेश गावरे, हर्ष कुमार, हेमंत ध्रुव, खिलेंद्र पडौटी, वेदप्रकाश ध्रुव, संतोष कुंजाम, कृष्णा मरकाम दीपक सहारे समेत अन्य जुटे हुए हैं।

## वट सावित्री की पूजा



धमतरी। मंगलवार को मराठी समाज की महिलाओं द्वारा वट सावित्री की पूजा की गई। एलआईसी आफिस हटकेशर के सामने स्थित वट वृक्ष की परिक्रमा कर महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए भगवान से प्रार्थना की।

### यशवंतराव मेघावाले कालेज में लगाए पौधे

**मगरलोड।** यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम 2.0 की संकल्पना को ध्यान में रखते हुए आम, नींबू, सीताफल, बेल, नीम के पौधों का रोपण किया गया।

# एकलव्य खेल मैदान में यूनिपोल की मदद से बनेगा बाक्स क्रिकेट केज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- वर्क आर्डर जारी, माहभर में तैयार हो जाएगा केज : उपायुक्त
- कलेक्टर-आयुक्त ने कुछ दिन पहले किया था स्थल निरीक्षण



शहर के एकलव्य खेल मैदान में क्रिकेट मैच की प्रैक्टिस के लिए यूनिपोल की मदद से बाक्स क्रिकेट केज बनाया लाएगा। उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि क्रिकेट प्रेमियों की मांग पर कलेक्टर एवं निगम आयुक्त ने कुछ दिन पहले एकलव्य खेल मैदान का स्थल निरीक्षण किया था जिसके बाद क्रिकेट केज बनाने का प्रस्ताव दिया गया। अब यूनिपोल की मदद से सर्वसुविधायुक्त क्रिकेट केज टर्फ बनेगा। इसके निर्माण के लिए वर्कआर्डर जारी हो गया है। माह भर के अंदर निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद इसे खेल प्रेमियों को सौंप दिया जाएगा।

इधर खेलप्रेमी कैलाश यादव, गौतम यादव, सौरभ बांधे, आर्यन, क्रिकेट खिलाड़ी ज्योति रजक, डोमेश्वरी ध्रुव, चंचल साहू, वर्षा सिन्हा ने कहा कि शहर में भी महानगरों की तर्ज पर एकलव्य खेल मैदान में क्रिकेट केज का बनना हर्ष का विषय है। खिलाड़ी सुविधाओं के बीच क्रिकेट खेल सकते हैं। रात्रि में भी लाइट के सहारे अच्छी प्रैक्टिस हो सकती है। स्टेट लेवल क्रिकेट कोच रघुवीर बघेल का कहना है कि बाक्स क्रिकेट केज से क्रिकेट खिलाड़ी सुविधाजनक प्रैक्टिस कर सकते हैं। कम समय में अच्छी परफार्मेंस दिखा सकते हैं। बड़े शहरों में जगह की कमी के चलते इसी तरह टर्फ बने होते हैं। केज के माध्यम से बल्लेबाजी और गेंदबाजी कौशल में तेजी से सुधार होता है। केज के अंदर नेट में नई तकनीक शाट्स सीख सकते हैं। अभ्यास भी सुरक्षित होता है। घंटेभर की प्रैक्टिस में समय और स्थान की बचत होती है। खेल मैदान में बनने वाली क्रिकेट केज का साइज 100 बाई 80 वर्गफीट रहेगा। इस सुसज्जित बाक्स में क्रिकेट केज बनेगा। बाक्स में सभी तरफ लाइट की व्यवस्था रहेगी।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह में 38 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे





### विधायक ओंकार, महापौर रामू रोहरा सहित अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे स्थित सामुदायिक भवन में सामूहिक विवाह हुआ। इस विवाह में 38 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे जो 17 शहरी एवं 21 जोड़े ग्रामीण क्षेत्र से थे। इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू, महापौर रामू रोहरा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। इस दौरान विधायक ओंकार साहू ने कहा कि निर्धन एवं गरीब परिवारों सहायता के लिए यह योजना बहुत सी उपयोगी है। इस योजना से माता-पिता की अपनी बेटियों की शादी की चिंता दूर हो जाती है। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव द्वारा गरीब बेटियों के हाथ पीले करने का यह पुनीत कार्य किया जा रहा है। योजना अंतर्गत बेटियों को एक साथ 35 हजार रुपए की राशि उनके खाते में सीधे अंतरित की जा रही है जो उनके वैवाहिक जीवन की शुरुआत में सहायक सिद्ध होगा।

ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत प्रति विवाह 50 हजार रूपए का प्रावधान है, जिसमें 35 हजार रूपए की राशि वधु के खाते में अंतरित की जाती है। वहीं 7 हजार रूपए की श्रृंगार सामग्री एवं उपहार वर-वधु को दिए जाते हैं। कार्यक्रम में श्रीमती मोनिका देवांगन, श्रीमती कविता बाबर, नगर निगम सभापति श्रीमती कौशल्या देवांगन, श्रीमती विभा चंद्राकर के अलावा पाषर्दगण, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी श्रीमती जगरानी एक्का के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि महिला एवं बाल विकास के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# 203 परिवारों को मिला अपने पक्के घर का अधिकार



- महापौर रामू रोहरा ने पीएम आवास योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगर निगम के लिए यह दिन एक सुनहरे अध्याय की तरह दर्ज किया गया जब प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत 203 हितग्राहियों को उनके सपनों का आशियाना साकार करने की स्वीकृति मिली। दो वर्षों की प्रतीक्षा के बाद जब महापौर रामू रोहरा ने स्वयं हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा पत्र सौंपा, तो हर आंख में उम्मीद और हर चेहरे पर मुस्कान दिखाई दी। लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण अंतर्गत चयनित हितग्राहियों को कुल 2,50,000 की राशि चार किस्तों में दी जाएगी। साथ ही समय पर निर्माण कार्य पूरा करने पर 32,850 की प्रोत्साहन राशि भी सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी।

इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने कहा कि यह सिर्फ घर नहीं, आत्मसम्मान और स्थायित्व का प्रतीक है। प्रधानमंत्री आवास योजना आमजन की गरिमा से जुड़ी हुई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आज धमतरी के 203 परिवार अपने पक्के घर की ओर पहला कदम रख रहे हैं। आगे कहा कि साय सरकार में साय-साय काम हो रहा है, बिना रुकावट, बिना भेदभाव। धमतरी को आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध बनाने की दिशा में हम सतत प्रयासरत हैं। मौके पर नगर निगम अध्यक्ष, पार्षदगण, निगम आयुक्त, वार्ड प्रतिनिधि और अनेक सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# छुट्टी पर घर आए सेना के जवान का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम बोड़रा (स) के सैनिक चंदन साहू ने आपरेशन सिंदूर में पाकिस्तानी चौकियों को ध्वस्त कर अपने अदम्य साहस का प्रदर्शन किया है। वीर जवान छुट्टी पर अपने गांव बोड़रा आया। इस दौरान गांव के पूर्व सैनिक ओमप्रकाश साहू, गिरिराज साहू, सेवारत सैनिक लोकेश्वर साहू, लोमेश्वर साहू, रुद्रनाथ साहू, लक्षण साहू, दीपक साहू ,रेखराज साहू, श्रीमती डेमिन साहू, श्रीमती डिगेशवरी साहू, खनेश्वरी साहू, गीतिका साहू, अंजलि, केजल, दुर्गा साहू ने उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

### ठेकेदार की लापरवाही से बहा कई लीटर पानी



**धमतरी।** नगर निगम के ठेकेदार की लापरवाही को लेकर कांग्रेस के युवा नेता गौतम वाधवानी ने निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। श्री वाधवानी ने बताया कि विगत 15 दिनों से रत्नाबांधा रोड स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट पाइपलाइन बिछाने का कार्य चल रहा है वहीं बाजू से पाइपलाइन है जिससे गंगरेल से स्वच्छ जल नगरवासियों को उपलब्ध कराया जाता है। ठेकेदार की लापरवाही से स्वच्छ जल के पाइप को दो बार तोड़ा गया है जिसमें कई लीटर पानी बहकर बर्बाद हो गया जिसकी शिकायत नगर निगम आयुक्त से की गई और मांग की गई कि ऐसे ठेकेदार का लायसेंस निरस्त किया अन्यथा आंदोलन किया जाएगा।

# पीएम जनमन आवास योजना से कमारों के जीवन में आई स्थिरता

- समारू राम को मौसम दर मौसम होने वाली समस्या से मिली आजादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना का असर अब जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार परिवारों के जीवन में दिखायी देने लगा है। अपनी अलग संस्कृति को सहेजते हुए अपनी मस्ती में अपना जीवनयापन करने वाले वाली यह विशेष पिछड़ी जनजाति जो कच्चे झोपड़ीनुमा मकानों में रहकर अपना जीवनयापन करते थी अब उनके जीवन में स्थिरता आने लगी है और ये स्थिरता प्रदान की है, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना ने। जिले के मगरलोड विकासखंड के ग्राम सिंगपुर निवासी समारू के जीवन में अब बदलाव साफ देखने को मिल रहा है। क्योंकि समारूराम को अब प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत आवास योजना के साथ- साथ अन्य योजनाओं का भी लाभ प्रदान किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि वे बचपन से इसी गांव में निवासरत हैं। इनके पास स्वयं की संपत्ति के रूप में जो कुछ था, तो वह था पुस्तैनी जर्जर कच्चा मकान।


समारूराम ने अपने पक्के मकान के लिए आवेदन दिया। ग्राम सभा के अनुमोदन उपरांत समारू का नाम आवास हेतु चयनित हुआ। योजनांतर्गत उसके बैंक खाते में पहली किस्त आते ही मकान निर्माण की नींव रखी और शासन के सहयोग और अपने जीवन की जमा पूंजी को भी इस मकान को बनाने में लगा दिया और देखते ही देखते सुंदर आवास के रूप में उनका सपना साकार हुआ। समारू का कहना है कि शासन के सहयोग से बना यह आवास उसके न केवल सपने को पूरा किया बल्कि



मौसम दर मौसम होने वाली समस्या से भी आजादी दिलाई।बता दें कि जिले में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजनांतर्गत कुल 1 हजार 469 आवास स्वीकृत है, जिनमें से 815 आवासों को पूर्ण कर लिया गया है। शेष 654 आवास निर्माणधीन है।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)



प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय

नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 मे उत्तीर्ण (शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)

रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
रायपुर रोड, ग्राम - लिमतरा, धमतरी
जिला - धमतरी (छ.ग.)
9300696600, 9300407100

### रामपुर में होगा मंडल स्तरीय सम्मेलन, तैयारी में जुटे पदाधिकारी

# मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर संकल्प से सिद्धि अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी



संकल्प से सिद्धि अभियान का मुख्य उद्देश्य गांवों में वन -धन विकास केंद्रों को सक्रिय करना है। यह सौ दिनों की योजना है जिसमें प्रत्येक क्षेत्र के 100 गांव और देश के 1500 गांव शामिल होंगे। सत्ता में 11 साल पूरे होने पर बीजेपी संकल्प से सिद्धि तक कैंपेन शुरू करेगी। केंद्र की मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर छग बीजेपी प्रदेशभर में 9 जून से संकल्प से सिद्धि अभियान चलायेगी। कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए 21 जून तक यह अभियान चलेगा। यह अभियान विकसित भारत का अमृत काल एवं सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 साल पर पर केंद्रित होगा। विश्व योग दिवस के निमित्त सभी मंडलों में योग शिविर का आयोजन रखा गया है। ग्राम, वार्ड, शक्ति केन्द्र, बूथ स्तर पर 15 से 17 जून तक प्रत्येक शक्ति केंद्र पर एक चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान 11 वर्ष की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। आयुष्मान योजना (वय वंदन) में शत-प्रतिशत वरिष्ठ नागरिकों का पंजीकरण एवं कार्ड वितरण किया जाएगा और लोगों को विकसित भारत का संकल्प दिलाया जाएगा। इसी क्रम में रामपुर में प्रातः 11 बजे मंडल स्तरीय सम्मेलन कार्यक्रम अजय चंद्राकर विधायक कुरूद के मुख्य आतिथ्य में होगा जिसमें मंडल के कार्यकर्तागण उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भखारा में बैठक हुई। बैठक में रामस्वरूप साहू, छत्रपाल बैस, नपं अध्यक्ष ज्योति जैन, जनपद सदस्य सिंधु बैस, उपाध्यक्ष सतीश जैन, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष आनंद यदु, दुलार सिन्हा, रामगोपाल देवांगन, महामंत्री गौतम पारख, ईश्वर साहू, निराला साहू, पदुमन साहू उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### चार दिव्यांगजनों को मिले सहायक उपकरण

**कांकेर।** जिले के 4 दिव्यांगजनों को जिला पंचायत परिसर में समाज कल्याण विभाग द्वारा 4 को श्रवण यंत्र एवं एक को व्हील चेयर उपकरण प्रदाय किया गया। उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम सरोना के खुशहाली चन्द्रवंशी, दुर्गूकोंदल के ग्राम डांगरा निवासी ईश्वर लाल मरकाम और चारामा विकासखण्ड के ग्राम जैसाकर्रा की पूर्णिमा निषाद को श्रवण यंत्र एवं नरहरपुर के ग्राम रावस निवासी संदीप मण्डावी को व्हील चेयर प्रदाय किया गया।

### नालसा स्कीम के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण



**कांकेर।** पैरालिगल वोलेंटियर्स की मासिक बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शांति जैन ने सभी पैरालिगल वोलेंटियर्स के कार्यो का निरीक्षण किया। साथ ही नालसा की नयी स्कीम नालसा साथी, नालसा जागृति, संवाद और नालसा आवाज उठाओ के संबंध में पैरालीगल वॉलेंटियर को जानकारी दिया गया। बैठक में न्याय तक पहुंच और कानूनी जागरूकता को सुदृढ़ करने के लिए नालसा जागृति योजना तैयार की गई है। जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर विकास और सुधार के लिए न्याय को बढ़ावा देना तथा स्थानीय स्वशासन संस्थानों के माध्यम से कानूनी जागरूकता फैलाना है।

### ऑयल पाम मेघा प्लांटेशन कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**दुर्गूकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गूकोंदल के ग्राम कोंडरूंज में ऑयल पाम मेगा प्लांटेशन कार्यक्रम के तहत ग्राम कोडरुज निवासी कृषक लालसाय, सगऊ राम, रासो बाई के जमीन पर पौध रोपण का शुभारंभ किया गया। उद्यान अधीक्षक ने बताया कि ऑयल पाम 3 वर्ष से फल देना शुरू होगा, जो कि 25 से 30 वर्ष के बीच चलते रहेगा। आइल पाम योजना के अंतर्गत विकासखंड दुर्गूकोंदल के तरहुल सहित विकासखंड को 200 हेक्टेयर का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके लिए विभाग के द्वारा कार्य प्रारंभ किया जा रहा है।

### एडीईओ भर्ती परीक्षा के संबंध में 12 को बैठक

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर के द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा 15 जून दिन रविवार को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए 12 जून को परीक्षा केन्द्र क्रमांक 01 से 20 तथा केन्द्र क्रमांक 21 से 41 तक दो पाली में शासकीय भानुप्रतापदेव स्नाकोत्तर महाविद्यालय कांकेर में प्रशिक्षण एवं बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के समस्त केन्द्राध्यक्ष एवं समस्त पर्यवेक्षकों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने निर्देशित किया है।

---

58 करोड़ की लागत से 900 मीटर लंबा, 13 मीटर चौड़ा पुल बनेगा

# अछोटा महानदी में थ्री लेन नया पुल बनेगा

- राज्य शासन को भेजा गया है प्रस्ताव : इंजीनियर आदित्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



महानदी में 48 साल पहले बनाए गए पुल के जर्जर होने के बाद विभाग द्वारा पुराने पुल के समीप नया पुल बनाने की योजना है। नापजोख, सर्वे व जगह चिन्हांकन के बाद राज्य शासन को 58 करोड़ रूपये का प्रस्ताव भेजा गया है।

सेतु निर्माण विभाग के इंजीनियर आदित्य चन्द्राकर ने बताया कि 58 करोड़ की लागत से महानदी में थ्री लेन नया पुल बनेगा। पुराना पुल यथावत रहगा। दोनों पुल मिलकर फाइव लाइन की सड़क बन जाएगी जो यातायात में सुविधा होगी।

श्री चन्द्राकर ने बताया कि नया पुल 900 मीटर लंबा और 13 मीटर चौड़ा होगा जो तीन लेन का रहेगा। पुराने पुल की मरम्मत कर उसे यथावत रखा जाएगा ताकि आवागमन करने राहगीरों को सुविधा मिल सके। श्री चन्द्राकर ने बताया कि सिहावा रोड से अछोटा पुल तक सड़क फोरलेन बनेगी। इसके बाद नगरी रोड का कायाकल्प होगा। इस लिहाज से वाहनों के भारी दबाव को देखते हुए महानदी में एक मजबूत नया पुल बनाया जाएगा। पुराने पुल की रेलिंग, स्पासन ज्वाइंट की मरम्मत की जाएगी। सड़क का डामरीकरण किया जाएगा।

श्री चन्द्राकर ने बताया कि कोलियारी के पास मुख्य नहर (महानदी) में नया पुल बनाया जाएगा। इसकी स्वीकृति हो चुकी है। यह पुल 63 मीटर लंबा और 13 मीटर चौड़ा होगा। इसकी भी सड़क थ्री लेन की होगी।

पुल और सड़क के बन जाने से धमतरी, नगरी, सिहावा, सांकरा, कांकेर, उड़ीसा की सड़क आपस में जुड़ जाएगी जो सुगम यातायात व्यवस्था में मील का पत्थर साबित होगी।

विदित हो कि महानदी में अछोटा पुल का निर्माण 1978 में हुआ था। पुल की आयु 47 वर्ष हो गई है। रेलिंग, ज्वाइंट, सड़क बुरी तरह उखड़ गए हैं। पुल काफी कमजोर हो गया है। टू लेन सड़क होने के कारण यातायात सुगमतापूर्वक नहीं होता है। हैवी वाहनों के चलने से पुल हिलने लगता है। संकरा होने के कारण कई बार दुर्घटना भी हो चुकी है। एक अर्से से ग्रामीण नया पुल बनाने की मांग प्रशासन-प्रशासन से कर रहे हैं।

---

# ओवरहेड टैंक एवं फिल्टर प्लांट की वैज्ञानिक पद्धति से होगी सफाई

- 14 जून से 19 जून तक विशेषज्ञ टीम करेगी साफ सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



नगरपालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी 40 वार्डों में जलप्रदाय करने वाले दस ओव्हरहेड टैंकों की सफाई 14 से 19 जून तक वैज्ञानिक पद्धति से की जाएगी।

नगर निगम एवं जल विभाग के अध्यक्ष अखिलेश सोनकर ने बताया कि सभी ओव्हरहेड टैंक एवं फिल्टर प्लांट की सफाई प्रत्येक 6 माह में होती है। सफाई के लिए विशेषज्ञों की टीम तैनात रहती है जो वैज्ञानिक पद्धति से सफाई करती है। 14 जून को इतवारी बाजार स्थित दोनों ओव्हरहेड टैंक की सफाई की जाएगी। 15 जून को गायत्री मंदिर व सेंचुरी गार्डन स्थित टैंकों की, 16 जून को बठेना वार्ड एवं जालमपुर वार्ड स्थित टैंकों की, 17 जून को महिमासागर वार्ड, सोरिद वार्ड स्थित टैंकों की, 18 जून को कां टा ता ला ब सुभाष नगर वार्ड के टैंक की सफाई की जाएगी। 19 जून को वाटर फिल्टर प्लांट की सफाई की जाएगी। वार्डों में स्थित टैंकों की सफाई के दौरान आंशिक रूप से जल प्रदाय बाधित रहेगा। 19 जून को फिल्टर प्लांट की सफाई के दौरान संपूर्ण नगर की जलापूर्ति बाधित रहेगी।

श्री सोनकर ने नागरिकों से आग्रह किया है कि संबंधित वार्ड में तिथि अनुसार रहवासी अपने घरों में एक दिन के लिए पेयजल का स्टाक रख लें। सफाई के तुरंत बाद जलप्रदाय निरंतर चालू रहेगा। टैंकों और फिल्टर प्लांट की सफाई का महत्व यह है कि शहरवासियों को शुद्ध, स्वच्छ और साफ पेयजल निरंतर मिलता रहे।

---

# शहीद एएसपी की अंतिम यात्रा में शामिल हुए पूर्व जिपं सदस्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पूर्व जिपं सदस्य एवं भाजपा प्रदेश मंत्री अजजा मोर्चा खूबलाल ध्रुव ने कहा कि कोंटा में हुए नक्सली हमले में एएसपी आकाशराव गिरपुंजे शहीद हो गए। उनके निधन से पूरे राज्य में शोक की लहर है तथा नक्सलियों के खिलाफ आक्रोश है। सरकार अब निर्णायक मोर्चे पर है। केंद्र के सहयोग से राज्य सरकार नक्सलवाद को खत्म करने पूरी ताकत से जुटी है। नक्सलवाद अब अंतिम सांस गिन रहा है। शहीद एएसपी आकाशराव को लोग प्रेरणास्त्रोत के रूप में याद रखेंगे। श्री ध्रुव ने आकाशराव की अंतिम यात्रा में शामिल होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है और कहा कि आकाश जी आम लोगों में भरोसा जगाने वाला एक नेतृत्वकर्ता अफसर थे।

---

प्रवेश की प्रक्रिया हुई शुरू, 11 से 15 जून तक प्रवेश के लिए होगा पंजीयन

# पॉलीटेक्निक कॉलेज कुरूद में होगी सीमेंट टेक्नोलॉजी की पढ़ाई, पूरे राज्य में कहीं नहीं है यह ट्रेड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कुरूद के पॉलीटेक्निक कॉलेज में सीमेंट टेक्नोलॉजी और बायोमेडिकल एंड इंस्ट्रूमेंटेशन की पढ़ाई होगी। ये सब्जेक्ट पूरे छत्तीसगढ़ में किसी भी कॉलेज में नहीं है। इन विषयों की पढ़ाई कर छात्र कई क्षेत्र में करियर बना सकेंगे। धमतरी पॉलीटेक्निक कॉलेज के साथ कुरूद पॉलीटेक्निक कॉलेज में भी प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

#### शुरू होंगे नये कोर्स

शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज कुरूद में इस साल से प्रवेश शुरू हो रहा है। पहला साल होने के कारण इस बार प्रथम वर्ष में भी एडमिशन लिया जाएगा। खास बात यह है कि इस कॉलेज में दो ऐसे कोर्स हैं, जो पूरे छत्तीसगढ़ में नहीं हैं। कुरूद पहला कॉलेज है, जहां पर इन विषयों की पढ़ाई होगी। जानकारी के अनुसार नए कोर्स में सीमेंट टेक्नोलॉजी में 60 सीट और बायोमेडिकल एंड इंस्ट्रूमेंटेशन 60 सीट है। इन दोनों विषयों के अतिरिक्त माइनिंग एंड सर्वेइंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग की 60-60 सीट उपलब्ध है। धमतरी के भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज में सिविल इंजीनियरिंग में 40, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 60, मैकेनिकल इंजीनियरिंग 60, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में 60, इलेट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन में 30 सीट रिक्त है। यहां पर द्वितीय वर्ष में लेटरल एंट्री भी दी जाएगी। लेटरल एंट्री सिविल इंजीनियरिंग की 11, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की 37, मैकेनिकल इंजीनियरिंग की 54, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग की 54 और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन की 33 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा।

#### एक अच्छा करियर का रास्ता खुला

धमतरी पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्रो. जयप्रकाश डड़सेना ने बताया कि कुरूद में पॉलीटेक्निक कॉलेज खुलने से छात्रों को इंजीनियरिंग में करियर बनाने का एक और आप्शन मिला है। यहां पर दो नए विषय हैं, जो पूरे छत्तीसगढ़ में किसी भी पॉलीटेक्निक कॉलेज में नहीं है। सीमेंट टेक्नोलॉजी की पढ़ाई कर छात्र सीमेंट फैक्ट्री, पेंट इंडस्ट्री, फ्लाईऐश ब्रिक्स फैक्ट्री सहित अन्य संस्थाओं में जॉब कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ में करीब 7 सीमेंट फैक्ट्रियां हैं।

संचालनालय तकनीकी शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों के लिए प्रथम चरण की ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस प्रक्रिया के तहत 11 से 15 जून तक प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन लिया जाएगा।

भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक धमतरी के प्राचार्य जीआर साहू ने बताया कि प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश पीपीटी के मेरिट आधार पर लिया जाएगा। छात्रों को 10वीं की अंकसूची भी जमा करनी होगी। द्वितीय वर्ष में लेटरल एंट्री दी जा जाएगी। इसके लिए कक्षा 12वीं में गणित विषय या फिर किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से 2 वर्ष का आईटीआई डिप्लोमा की अंकसूची प्रस्तुत करनी होगी। पंजीयन शुल्क 200 रुपए निर्धारित है।

छात्रों को अंकसूची के साथ निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, दिव्यांग प्रमाण पत्र, स्वतंत्रता सेनानी या पूर्व सैनिक प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। यदि मूल अंकसूची प्राप्त नहीं हुई है तो इंटरनेट से डाउनलोड प्रति भी मान्य है। प्रवेश पंजीयन के लिए छात्रों की मदद करने के लिए भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज धमतरी में हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है, जहां विशेषज्ञों द्वारा आवेदन प्रक्रिया में मार्गदर्शन एवं पंजीयन किया जाएगा।

---

# आमदी में जल्द शुरू होगा डिग्री कॉलेज, नया भवन बनकर तैयार





- कलेक्टर श्री मिश्रा ने किया निरीक्षण
- फिनिशिंग का काम जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

आमदी सहित धमतरी शहर के विद्यार्थियों को जल्द ही पढ़ने-लिखने के लिए नये डिग्री कॉलेज की सौगात मिल जाएगी। आमदी में डिग्री कॉलेज के नये भवन का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इस भवन का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने इस दौरान मौजूद लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियता श्री नेताम को कॉलेज का फिनिशिंग काम जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। श्री मिश्रा ने कॉलेज निर्माण में मितव्ययता बरतते हुए निविदा दर से लगभग 70 लाख रूपये कम लागत में काम पूरा कराने पर श्री नेताम की तारीफ भी की।

निरीक्षण के दौरान श्री मिश्रा ने कॉलेज के भीतर घूमकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता को भी देखा। उन्होंने कॉलेज के क्लास रूम में बिजली, पंखे आदि की क्वालिटी भी देखी। श्री मिश्रा ने कॉलेज के कॉरिडोर मे एक वर्गफीट और क्लासरूम्स में बड़ी दो वर्गफीट की टाईल्स लगाने का औचित्य पूछा। श्री नेताम ने बताया कि कॉरिडोर में लगातार आवाजाही और बारिश पानी के कारण बड़ी टाईल्स जल्द खराब हो जाती है। इसके साथ ही बड़ी टाईल्स के चिकने होने के कारण फिसलकर गिरने का भी डर बना रहता है। इसीलिए कॉरिडोर में छोटी रफ सर्फेस वाली टिकाउ और मजबूत टाईल्स लगाई गई है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कॉलेज के फिनिशिंग काम को तेजी से कराकर जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कॉलेज परिसर से लगे मिनी स्टेडियम के पवेलियन और बाउंड्रीवॉल की भी रंगाई-पुताई कराने को कहा।

उल्लेखनीय है कि आमदी में डिग्री कॉलेज के भवन के लिए 4 करोड़ 52 लाख रूपये की स्वीकृति मिली थी। परन्तु टेण्डर आदि के बाद इसे केवल 3 करोड़ 79 लाख रूपये में पूरा करा लिया गया है। इस कॉलेज भवन में 6 बड़े क्लास रूम बनाए गए हैं। विद्यार्थियों के प्रेक्टिकल के लिए 4 प्रयोगशालाएं और 2 अतिरिक्त कक्ष भी बनाए गए हैं। कॉलेज परिसर में ही एक तरफ गार्डन और दूसरी तरफ किसी छोटे कार्यक्रम के लिए असेम्बली स्थल भी बनाया गया है।

---

# डुबान प्रभावितों ने सीएम से की मुलाकात, महापौर का माना आभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगर निगम कार्यालय में आज एक भावुक क्षण देखने को मिला जब डुबान प्रभावितों का प्रतिनिधिमंडल महापौर रामू रोहरा से मिलने पहुंचा और उनके प्रति अपना आभार व्यक्त किया। प्रभावितों ने कहा कि श्री रोहरा ने केवल आश्वासन नहीं दिया, बल्कि उसे जमीनी हकीकत में बदलकर दिखाया।

डूब क्षेत्र के निवासियों ने बताया कि जब वे अपनी समस्याओं को लेकर निराश और उपेक्षित महसूस कर रहे थे, तब महापौर श्री रोहरा ने उन्हें विश्वास दिलाया कि वे उनकी आवाज प्रदेश के मुखिया तक पहुंचाएंगे। उन्होंने न केवल यह वादा किया, बल्कि उसे निभाते हुए मुख्यमंत्री से प्रभावितों की सीधे मुलाकात करवाई।

इस मुलाकात के दौरान महापौर श्री रोहरा ने डुबान प्रभावितों की व्यथा, भूमि पुनर्वास की मांग और अन्य आवश्यकताओं को मुख्यमंत्री के समक्ष विस्तार से रखा। मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल उच्च अधिकारियों को उचित कार्यवाही के निर्देश दिए।

प्रभावितों ने कहा कि यह सब महापौर की दृढ़ इच्छाशक्ति, जनप्रतिनिधि के कर्तव्यनिष्ठा और जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज हमारी बात सुनी गई, हमारी पीड़ा को समझा गया। इसके लिए हम महापौर के आभारी हैं।

---

# एकजुटता ही समाज की असली ताकत

- विधायक ने धीवर समाज के नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण, अहाता निर्माण की घोषणा भी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



विधायक ओंकार साहू ने डोमा में धीवर समाज के वार्षिक अधिवेशन में नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया और अहाता निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने समाज के लोगों से एकजुट होकर समाज के विकास और उत्थान के लिए काम करने का आह्वान किया। विधायक ने आगे कहा कि एकजुटता ही समाज की असली ताकत है। धीवर समाज आमदी परगना अध्यक्ष संतोष हिरवानी ने कहा कि समाज के विकास के लिए सभी एकजुट हैं और आगे भी इसी तरह के प्रयास से समाज को प्रगति के पथ पर ले जाने का प्रयास करेंगे।

मौके पर सरपंच गुंजन साहू, मुकेश साहू विधायक प्रतिनिधि डोमा, अनीता तारक उपसरपंच, चिरंजीवलाल हिरवानी, जागेश्वर कोसरिया, भीखुराम मटियारा, बंशीराम कोसरिया, राजेन्द्र मीनपाल, किसन छपेन्द्र, त्रिभुवन मटियारा, दानीराम राघवेन्द्र, होरी लाल, दुर्गाप्रसाद धीवर, सुकालु धीवर, लोकेश सोनवानी, गौरी धीवर समेत बड़ी संख्या में समाजजन व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी एवं स्कूल परिसर में रोपे पौधे

**नगरी।** ग्राम गीतकारमुड़ा (भोथली) में एक पेड़ मां के नाम पर आंगनबाड़ी एवं स्कूल परिसर पर पौधरोपण किया गया। इस कार्य में सरपंच अमरसिंह शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व ग्रामीणों का सहयोग रहा। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधों से सिर्फ फल ही नहीं मिलता बल्कि जीवन जीने के लिए शुद्ध हवा भी मिलती है। बरसात भी पेड़ पौधों पर निर्भर करती है।

---

कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश, आमदी कृषि साख समिति का निरीक्षण

# बीज, खाद का अवैध भण्डारण करने वाले दुकानदारों पर करें कार्रवाई : अबिनाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आमदी स्थित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने समिति में मौजूद किसानों से बीज-खाद के उठाव के बारे में पूछताछ की। श्री मिश्रा ने किसानों से किसान क्रेडिट कार्ड के उपयोग के बारे में भी पूछा। श्री मिश्रा ने साख सहकारी समिति के प्रबंधक से चालू खरीफ मौसम के लिए बीज और खाद भण्डारण की जानकारी ली। कलेक्टर ने डीएपी खाद की कमी होने पर उसके विकल्प के रूप में अन्य खाद समूहों के उपयोग की जानकारी किसानों को देने के भी निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने कृषि और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमण करने और किसानों को जरूरी सलाह देने के भी निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि समितियों में अभी भण्डारित किए गए बीज-खाद का जितना जल्दी उठाव होगा, उतनी ही जल्दी मांग अनुसार और बीज-खाद के लिए राज्य स्तर पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपसंचालक कृषि मोनेश साहू और अन्य अधिकारियों को निजी दुकानों में भी बीज-खाद के भण्डारण और बिक्री पर नजर रखने के निर्देश दिए। श्री मिश्रा ने किसी भी स्थिति में निजी दुकानों से गुणवत्ताहीन बीज और अमानक खाद की बिक्री नहीं करने के लिए जरूरी कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने बीज और खाद का अधिक मात्रा में अवैध भण्डारण कर रखने और कालाबाजारी करने वाली सभी दुकानों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच
14 जुलाई, 13 अगस्त, 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि:-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
मो.नं. : 9993010732
चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
(मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020